<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

दिनांक: 30.08.2016

फा.सं.5-1/2016-हिं.अ.

परिपत्र

विषय: संस्थान के विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने पर राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता संबंधी।

कृपया उपर्युक्त विषय पर हिंदी अनुभाग के दिनांक 05.08.2016 के समसंख्यक परिपत्र का अवलोकन करें जिसके द्वारा संस्थान में दिनांक 08 अगस्त, 2016 से 07 सितम्बर,2016 के दौरान एक माह की अवधि की अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता परिचालित की गई थी।

इस योजना के तहत 08 अगस्त से 07 सितम्बर,2016 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से किए गए हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग कार्य का 09 सितम्बर, 2016 को प्रात: 11.30 बजे निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण दल द्वारा मुख्यत: डॉ. बी.आर.अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ., हृद् तंत्रिका केन्द्र, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्रविज्ञान केन्द्र, स्थापना अनुभाग (अस्पताल) तथा स्थापना अनुभाग (नि.का.) में उपस्थित होकर राजभाषायी निरीक्षण किया जाएगा। तथापि इन पांच विभागों/अनुभागों/केन्द्रों के अलावा उक्त राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत यदि कोई अन्य विभाग/अनुभाग/केन्द्र उक्त अवधि में अपने यहां हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण दल द्वारा मूल्यांकन करवाना चाहता है तो कृपया इस प्रयोजन हेतु 07 सितम्बर, 2016 तक हिंदी अनुभाग को लिखित रूप में सूचित कर दिया जाए।

अत: अनुरोध है कि संबंधित विभाग/अनुभाग/केन्द्र अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत उक्त अवधि में हिंदी में किए गए कार्य को दिनांक 09 सितम्बर, 2016 को प्रात: 11.30 बजे से निर्णायक दल के निरीक्षण/मूल्यांकन हेतु पहले से तैयार रखें।

30.8.16

(प्रेम सिंह तोमर)

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

वितरण:- सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।

प्रतिलिपि:-

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. उप-निदेशक (प्रशा.)/ वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
3. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
4. प्रभारी-संकाय, कंप्यूटर सुविधा- इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाए।

श्री संतोष